**हादसा** | एनएच 45 पर हादसा,एक व्यक्ति को सिर में गंभीर चोटें

# स्कार्पियो का टायर फटने से गाड़ी 10 फुट ऊंची उछली

**नवभारत,नरसिंहपुर,तेंदूखेड़ा।** मंगलवार के अलसुबह भोपाल से रीवा जा रही स्कार्पियो गाड़ी क्रमांक एमपी 09 सीटी 6694 का भोपाल जबलपुर सड़क मार्ग पर तेंदूखेड़ा के नवीन पार्श्वनाथ भगवान जैन मंदिर के सामने तरफ अचानक अगला पहिया फट जाने के कारण स्कार्पियो असंतुलित होकर लगभग 10फुट ऊंची हवा में उछल कर लहराते हुए जमीन पर पलट गई जिसमें सवार लोगों में से एक को सिर में गंभीर चोटें आई हैं तथा शेष लोगों को भी छुट पुट चोटें आई हैं।

घायलों को तत्काल प्राथमिक उपचार हेतु तेंदूखेड़ा अस्पताल भेजा गया है। जहां से गंभीर पीड़ितों को नरसिंहपुर रिफर किया गया। जिसमें राजेश पिता रामनिहोर साकेत उम्र 50 साल निवासी ग्राम कटकी तहसील



सिरमौर जिला रीवा भूरी बाई पति रामनाथ साकेत उम्र 70 साल निवासी ग्राम पुरैनी तहसील हुजूर जिला रीवा सुषमा पति राजेश साकेत उम्र 45 साल ग्राम कटकी विमला पति रामनरेश साकेत उम्र 40साल ग्राम रायपुर नोढिया जिला रीवा कु रितिका शालिगराम साकेत उम्र 07 साल निवासी बीरखाम तहसील सिमरिया जिला रीवा प्रमुख रुप से शामिल हैं। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि घटना सुबह लगभग सात साढ़े सात बजे के आसपास की है। भोपाल तरफ से स्कार्पियो चली आ रही थी कि अचानक जोर की आवाज आई और गाड़ी ऊंची हवा में उछलती हुई पलट गई चीत्कार मच गई ।सुबह सुबह घूमने वाले लोगों आसपास रहवासियों ने मदद करते हुए। पुलिस और एम्बुलेंस बाहन सेवा से नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया।

# गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति बनी किसानों की ताकत

**नवभारत,गाडरवारा।** इस वर्ष भीषण गर्मी, अल्प वर्षा और लगातार बढ़ती बिजली मांग के बीच मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, गाडरवारा संभाग द्वारा किसानों को समय पर गुणवत्तापूर्ण एवं पर्याप्त विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने के प्रयासों का सकारात्मक परिणाम देखने को मिला है। क्षेत्र में ग्रीष्मकालीन मूंग की फसल ने रिकॉर्ड उत्पादन दिया है, जिससे किसानों के चेहरों पर खुशी और संतोष साफ दिखाई दे रहा है।

अधिकांश गांवों में मूंग की कटाई का कार्य लगभग पूरा हो चुका है तथा किसान बेहतर उत्पादन और अच्छे बाजार भाव की उम्मीद लगाए हुए हैं। जानकारी के अनुसार इस वर्ष ग्रीष्मकालीन मौसम में वर्षा न होने के कारण किसानों को सिंचाई के लिए पूरी तरह विद्युत आधारित साधनों पर निर्भर रहना पड़ा। दूसरी ओर तापमान में लगातार वृद्धि के चलते घरेलू और कृषि क्षेत्र में बिजली की मांग भी बढ़ गई थी। बढ़े हुए लोड के कारण



कई स्थानों पर ट्रांसफॉर्मर खराब हुए, विद्युत लाइनों में फाल्ट आए तथा कुछ पावर ट्रांसफॉर्मरों में तकनीकी दिक्कतें भी सामने आईं। ऐसी परिस्थितियों में विद्युत विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने दिन-रात मेहनत कर बिजली व्यवस्था को सुचारु बनाए रखा। विभाग द्वारा खराब ट्रांसफॉर्मरों को प्राथमिकता के आधार पर तत्काल बदलने की व्यवस्था की गई। साथ ही जहां भी विद्युत लाइनों में फाल्ट की सूचना मिली, वहां मरम्मत दलों को तत्काल भेजकर समस्या का निराकरण कराया गया। कई बार रात के समय भी कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर बिजली आपूर्ति बहाल की, जिससे किसानों की सिंचाई प्रभावित नहीं हुई। कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि मूंग की फसल के लिए समय पर सिंचाई अत्यंत आवश्यक होती है। यदि फसल को सही समय पर पानी न मिले तो उत्पादन और गुणवत्ता दोनों प्रभावित होते हैं। इस वर्ष किसानों को पर्याप्त बिजली मिलने के कारण सिंचाई नियमित रूप से होती रही, जिसका सीधा लाभ फसल उत्पादन में देखने को मिला। मगरमुहा गांव के किसान महेंद्र पटेल ने बताया कि पूरे सीजन के दौरान उन्हें पर्याप्त बिजली मिलती रही। विद्युत विभाग की सक्रियता के कारण सिंचाई में किसी प्रकार की परेशानी नहीं हुई।

# शंकराचार्य वृद्धा आश्रम में नशामुक्ति शिविर आयोजित

**नवभारत,गोटेगांव।** तहसील विधिक सेवा समिति द्वारा सालसा एवं नालसा की वर्ष 2025-26 की वार्षिक कार्ययोजना के तहत श्री शंकराचार्य वृद्धा आश्रम में नशामुक्ति शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन माननीय सचिव के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में तहसील विधिक सेवा समिति गोटेगांव की अध्यक्ष एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रियंवदा एस. राजोरिया, समिति के कर्मचारी, पैरालीगल वालेंटियर गोपाल एवं आश्रम के समस्त वृद्धजन उपस्थित रहे। इस अवसर पर न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रियंवदा एस. राजोरिया ने उपस्थित वृद्धजनों को नालसा द्वारा संचालित नशा पीड़ितों को विधिक सेवाएं एवं नशा उन्मूलन के लिए विधिक सेवाएं योजना, 2015 की जानकारी दी। उन्होंने नशे से व्यक्ति के पारिवारिक, सामाजिक एवं आर्थिक जीवन पर पड़ने वाले दुष्परिणामों, आर्थिक बोझ तथा पारिवारिक समन्वय के अभाव के बारे में विस्तार से बताया।

# कलेक्टर की अदालत में 75 आवेदन प्राप्त

**नवभारत,गोटेगांव।** कलेक्टर रजनी सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को जनपद पंचायत गोटेगांव के सभागार में अनुभाग स्तरीय जनसुनवाई सम्पन्न हुई। जनसुनवाई में नागरिकों ने विभिन्न समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित कुल 75 आवेदन प्रस्तुत किए। कलेक्टर सिंह ने आवेदनों पर सुनवाई करते हुए कई प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण किया। शेष आवेदनों के त्वरित एवं समयबद्ध निराकरण हेतु संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई अदालत में प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर



निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को अनावश्यक परेशानी न हो। खंड स्तरीय आयोजित इस जनसुनवाई में एसडीएम संघमित्रा गौतम जनपद सीईओ सुश्री दीक्षा जैन एसडीओपी मनीष त्रिपाठी कृषि विभाग अधिकारी आर एन त्रिपाठी बीईओ सिद्धार्थ बागडे बीएमओ डॉक्टर एस एस धुर्वे कृषि अधिकारी डीपी मेहरा सहित जिला एवं विकासखंड स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि जिले के दूरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए जिला मुख्यालय तक लंबी दूरी तय न करनी पड़े, इस उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा अनुभाग स्तर पर जनसुनवाई का आयोजन किया जा रहा है।

# अपूर्वा दुबे का खाद्य सुरक्षा अधिकारी पद पर चयन

**नवभारत,गोटेगांव।** विगत दिवस मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित खाद्य सुरक्षा अधिकारी परीक्षा 2025 का परिणाम घोषित किया गया, जिसमें गोटेगांव कामथ वार्ड निवासी कुमारी अपूर्वा दुबे का चयन हुआ है। अपूर्वा दुबे, सुशील दुबे की पुत्री हैं और रमेश कुमार दुबे, अशोक दुबे, राजेश दुबे एवं आनंद दुबे की भतीजी हैं। उनके चयन से नगर में हर्ष का माहौल है। चयन पर आभार व्यक्त करते हुए अपूर्वा दुबे ने कहा, सपनों से हकीकत तक का सफर सभी के विश्वास, आशीर्वाद और सहयोग के बिना संभव नहीं था। इस सफर में मेरे परिवारजनों, गुरुजनों एवं मित्रों ने सदैव हौसला बढ़ाया और यथासंभव सहयोग किया। अत: सभी शुभचिंतकों का हृदय से



आभार। उनके चयन पर गोटेगांव ब्राह्मण सभा के नगर अध्यक्ष सत्यनारायण मिश्रा, संतोष दुबे, जितेंद्र चौबे, राजेश तिवारी करकबेल, चौधरी राजेश जैन, लखन बिलवार, विभाष जैन, शुभम दुबे सहित नगर के गणमान्य नागरिकों ने शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित की।

# अखिल भारतीय साहित्य सम्मान एवं कृति विमोचन

**नवभारत,गाडरवारा।** विगत दिनों चेतना साहित्य मंच के तत्वाधान में अखिल भारतीय साहित्य सम्मान एवं कृति विमोचन का कार्यक्रम वरिष्ठ साहित्यकार कुशलेन्द्र श्रीवास्तव की अध्यक्षता में एवं म.प्र. राज्य महिला आयोग की सदस्य एवं पूर्व विधायक श्रीमती साधना स्थापक, रोटे. मिनेन्द्र डागा, श्रीमती अभिलाषा शर्मा, एवं नवोदियन हरीश कोरी के आतिथ्य में स्थानीय कालेज आडिटोरियम के सभाकक्ष में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, सरस्वती वंदना सुनील तन्हा ने प्रस्तुत की। कृतियों के विमोचन के पूर्व चेतना के सरंक्षक मिनेन्द्र डागा ने अपने



स्वागत भाषण में देश के विभिन्न अंचलों से आए हुए साहित्यकारों का शाब्दिक स्वागत करते हुए कहा कि गाडरवारा ओशों की उर्जा से पूर्ण एवं माँ नर्मदा के आंचल से सिंचित भूमि हैं जहां साहित्य के प्रति अनूठा उत्साह हमेशा महसूस किया जाता है। साहित्यकार कुशलेन्द्र श्रीवास्तव की चार कृतियां श्याम टाकीज कहानी संग्रह, पुरानी गल्ला मंडी कहानी संग्रह, सोमवार सात अगस्त कहानी संग्रह एवं खसुआ उपन्यास का विमोचन मंचासीन अतिथियों द्वारा करतल ध्वनि के बीच किया गया। अभिलाषा शर्मा की कृति अभिव्यक्ति का विमोचन भी अतिथियों द्वारा किया गया। ज्ञातव्य रहे कि कुशलेन्द्र श्रीवास्तव की 67 कृतियां प्रकाशित हो चुकी हैं। वेणी शंकर पटैल ने इन चारों कृतियों की समीक्षा प्रस्तुत की वहीं अभिलाषा शर्मा की कृति की समीक्षा श्रीमती अनुराधा यादव ने प्रस्तुत करते हुए कृतियों की भूरी-भूरी प्रशंसा की। इस अवसर पर कृतिकार कुशलेन्द्र श्रीवास्तव एवं अभिलाषा शर्मा का सम्मान चेतना संस्था एवं नवोदयन हरीश कोरी द्वारा, स्मृति चिन्ह एवं शाल श्रीफल देकर किया गया।

## एक नजर में

### मछली पकड़ने गए युवक की हिरण नदी में डूबने से मौत

**नवभारत, जबलपुर ।** कटंगी थाना अंतर्गत कैमोरी हिरण नदी में डूबने से युवक की मौत हो गई ।पुलिस के मुताबिक, सकरा निवासी बबलू बर्मन (30) ने का बड़ा भाई पुरुषोत्तम बर्मन (35) सोमवार दोपहर घर से यह कहकर निकला था कि वह मछली पकड़ने जा रहा है। जब वह काफी देर तक वापस नहीं लौटा, तो परिजन चिंतित हो गए और उसकी तलाश में निकले। दोपहर करीब 1 बजे जब छोटा भाई बबलू ढूंढते हुए ग्राम कैमोरी के पास हिरण नदी घाट पहुंचा, तो उसके होश उड़ गए। पुरुषोत्तम का शव नदी के पानी में उतराता हुआ दिखाई दे रहा था। भाई ने स्थानीय लोगों की मदद से शव को पानी से बाहर निकाला। परिजनों ने पुलिस को बताया कि मृतक पुरुषोत्तम बर्मन को अक्सर मिर्गी के दौरे आते थे। आशंका जताई जा रही है कि नदी किनारे मछली पकड़ने के दौरान अचानक मिर्गी का दौरा आने या पैर फिसलने के कारण वह गहरे पानी में चला गया और डूबने से उसकी सांसें थम गईं घटना की सूचना पर तत्काल कटंगी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव का पंचनामा बनाकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। पुलिस ने मर्ग दर्ज क हादसे के सही कारणों की विस्तृत जांच कर रही है।

### नाबालिग बताकर पत्नी को मायके पक्ष वाले बनाकर रखे है बंधक

**जबलपुर।** पत्नी को नाबालिग बताकर उसके पिता द्वारा बंधक बनाकर रखे जाने के खिलाफ हाईकोर्ट में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर की गयी थी। याचिका की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट के कार्यवाहक चीफ जस्टिस विवेक रूसिया तथा जस्टिस प्रदीप मित्तल की युगलपीठ ने महिला को पेश करने के आदेश जारी किये है। सतना निवासी विष्णु दत्त शर्मा की तरफ से दायर की गयी बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका में कहा गया था कि उसे अनावेदक शिवचरण शर्मा की बेटी से प्रेमी विवाह किया था। अनावेदक ने खुद की बेटी को नाबालिग बताते हुए उसके खिलाफ पुलिस में प्रकरण दर्ज करवा दिया था। याचिका में आरोप लगाते हुए कहा गया है कि आवेदक ने अपनी बेटी को बंधक बनाकर रखे हुए है। जिसके कारण उक्त याचिका दायर की गयी है। याचिका में कहा गया कि आवेदक की बेटी बालिग है। इस संबंध में दस्तावेज के तौर पर जिस अस्पताल में उसका जन्म था,उसमें अंकित जन्म तिथि की जानकारी पेश की गयी थी। याचिकाकर्ता का आरोप है कि अनावेदक ने स्कूल का दाखिल खारिज में अपनी बेटी की उम्र दो साल कम दर्ज करवाई थी। इसी आधार उनके द्वारा बेटी के नाबालिग नाबालिग होने का दावा कर रहे है। इसी आधार पर उन्होने उसके खिलाफ पुलिस में प्रकरण भी दर्ज करवाया है। आवेदक तथा अनावेदिका की बेटी ने मंदिर में शादी कर ली है और पति-पत्नी है। युगल पीठ ने सुनवाई के बाद उक्त आदेश जारी करते हुए अनावेदक पिता को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। याचिकाकर्ता की तरफ से अधिवक्ता उदयनंद पांडे ने पैरवी की।

### टिकट चैकिंग से 29 करोड़ 17 लाख का राजस्व प्राप्त

**जबलपुर, नवभारत।** पश्चिम मध्य रेल में प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक के निर्देशानुसार तीनों मंडलों में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य अधिकारियों के नेतृत्व में यात्री गाड़ियों एवं स्टेशनों पर समय-समय पर टिकट जांच अभियान चलाए गए। इन अभियानों के परिणाम स्वरूप पश्चिम मध्य रेल ने चालू वित्तीय वर्ष के दो माह में अनबुक्ड लगेज, बिना टिकट यात्रा तथा अनियमित टिकट पर यात्रा करने वाले कुल 3 लाख 83 हजार मामलें पकड़े गए जिनसे अतिरिक्त किराया एवं जुर्माना सहित कुल 29 करोड़ 17 लाख रुपये का राजस्व अर्जित किया गया। यह राशि पिछले वर्ष इसी अवधि में वसूले गए 24 करोड़ 79 लाख रुपये के जुर्माने की तुलना में 17.68 प्रतिशत अधिक है। मुख्यालय सीसीएम स्क्वाड मुख्यालय के टिकट निरीक्षकों द्वारा चलाए गए टिकिट जाँच अभियान में बिना टिकिट अनबुक्ड लगेज अनियमित टिकिट लेकर यात्रा करने वालों के 6 हजार मामलों से 40 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त किया। वही जबलपुर मंडल द्वारा टिकट निरीक्षकों द्वारा चलाए गए जांच अभियान में 1 लाख 69 हजार मामलों से 14 करोड़ 7 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त किया।

# अब महिलाओं को मिलेगी बेहतर स्वास्थ्य सुविधा

**नवभारत,गोटेगांव।** शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोटेगांव में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. निष्ठा अग्रवाल (एम.एस. सर्जन, गोल्ड मेडलिस्ट) की पदस्थापना की गई है। इससे क्षेत्र की महिलाओं और प्रसूताओं को अब बड़े शहरों की ओर रुख नहीं करना पड़ेगा। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि एक दशक के लंबे इंतजार के बाद अस्पताल में स्त्री रोग विशेषज्ञ की नियुक्ति हुई है। इस पदस्थापना को मध्यप्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल के प्रयासों से जोड़ा जा रहा है। नई पदस्थापना से गोटेगांव विधानसभा क्षेत्र के सभी



गांवों की प्रसूताओं एवं महिलाओं को बेहतर चिकित्सा सेवाएं सुलभ होंगी। क्षेत्रवासियों ने इस सुविधा पर खुशी जाहिर की है। सीएमएचओ डॉ. मनीष कुमार मिश्रा ने बताया कि जल्द ही शासकीय अस्पताल में ऑपरेशन थियेटर (ओटी) शुरू किया जाएगा।

# नम आंखों से बेटी ने दी पिता को अंतिम विदाई

**नवभारत,गाडरवारा।** रेलवे स्टेशन क्षेत्र स्थित गांधी वार्ड निवासी बबलू अग्रवाल के आकस्मिक निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है। विगत दिवस हृदय गति रुक जाने के कारण उनका दुखद निधन हो गया था। उनके निधन की खबर मिलते ही परिजनों, मित्रों, शुभचिंतकों एवं नगरवासियों में शोक की भावना छा गई। बबलू अग्रवाल अपने व्यवहार, मिलनसार स्वभाव और सामाजिक संबंधों के कारण क्षेत्र में अच्छी पहचान रखते थे। मंगलवार को रेलवे स्टेशन क्षेत्र स्थित मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार



किया गया। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में परिजन, रिश्तेदार, मित्र एवं नगर के गणमान्य नागरिक शामिल हुए। अंतिम संस्कार के दौरान एक अत्यंत भावुक और मार्मिक दृश्य देखने को मिला, जब उनकी मझली पुत्री अक्षरा अग्रवाल ने अपने पिता को अंतिम विदाई देते हुए मुखाग्नि दी। बेटी द्वारा पिता को मुखाग्नि दिए जाने का यह दृश्य वहां मौजूद लोगों को भावुक कर गया और कई लोगों की आंखें नम हो गईं। जानकारी के अनुसार स्वर्गीय बबलू अग्रवाल अपने पीछे पत्नी एवं तीन पुत्रियों का परिवार छोड़ गए हैं। परिवार पर आए इस दुख के समय में उनकी पुत्रियों ने साहस और धैर्य का परिचय दिया। विशेष रूप से अक्षरा अग्रवाल द्वारा अपने पिता के अंतिम संस्कार की प्रमुख रस्म निभाने को उपस्थित लोगों ने बेटी के प्रेम, कर्तव्यनिष्ठा और पारिवारिक जिम्मेदारी का प्रतीक बताया।

# अस्पताल की बाउंड्रीवाल की जमीन पर अतिक्रमण का आरोप

**नवभारत,गोटेगांव।** शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोटेगांव की निर्माणाधीन बाउंड्रीवाल की जगह पर अतिक्रमण कर लिया गया है। मेन रोड निवासी अनिल कुमार जैन ने जिला कलेक्टर नरसिंहपुर को आवेदन सौंपकर अस्पताल की जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की है। आवेदन में बताया गया है कि अस्पताल की निर्माणाधीन बाउंड्रीवाल की जगह पर एक व्यक्ति द्वारा अवैध कब्जा कर लिया गया है। आरोप है कि ठेकेदार एवं प्रशासन द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा।

# बंटवारे विवाद के चलते भाई ने की भाई की हत्या

**नवभारत,तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस समीपी ग्राम बरकुंडा में एक हरिजन मेहतर परिवार में बकरी बेचकर उसके पैसे बंटवारे का विवाद इतना बढ़ गया है भाई भाई जान के दुश्मन बन गये। हमारे प्रतिनिधि को मिली जानकारी के अनुसार घटना सोमवार की रात्रि की है।गांव के ही हीरालाल पिता रघुवीर मेहतर उम्र 35 साल का उसके ही भाई विनोद एवं दो अन्य चाचा के लड़के कमलेश और संतोष मेहतर से बकरी बेचकर आये थे जिसका बंटवारा किया जा रहा था कि अचानक किसी बात को लेकर बात बढ़ गई और मारपीट होने लगी। जिसमें हीरालाल पर पास में ही पड़े एक लकड़ी के डंडे से हुये प्रहार के चलते वह जमीन पर गिर गया और मृत हो गया बीच बचाव में मृतक की पत्नी और मां को भी हल्की फुल्की चोटें आई हैं।

# 33 केव्ही लाइन को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट करने की मांग

**नवभारत,गोटेगांव।** विगत दिवस जनपद पंचायत गोटेगांव के सभागार में आयोजित कलेक्टर जनसुनवाई में नगर के गुरुनानक वार्ड के रहवासियों ने कलेक्टर को आवेदन सौंपकर वार्ड से गुजर रही 33 केव्ही हाईटेंशन विद्युत लाइन को अन्य सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित करने की मांग की। वार्ड वासियों ने बताया कि यह लाइन लगभग 65 वर्षों से वार्ड के 70 से 75 मकानों के ऊपर से निकली हुई है। बरसात के मौसम में लाइन से घरों में करंट उतरने और स्पार्किंग की आशंका बनी रहती है। रहवासियों के अनुसार पूर्व में इस तरह की घटनाएं हो चुकी हैं, जिससे क्षेत्र में भय का माहौल है। आवेदन में नागरिकों ने कहा कि सुरक्षा की दृष्टि से यह लाइन बेहद खतरनाक स्थिति में है। विशेषकर बारिश के दौरान दुर्घटना की संभावना अधिक रहती है। वार्ड वासियों ने बताया कि पूर्व में क्षेत्रीय विधायक एवं संबंधित विद्युत विभाग को भी लिखित आवेदन देकर समस्या से अवगत कराया गया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इसी कारण रहवासियों ने जिला कलेक्टर से आग्रह किया है कि जनसुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 33 केव्ही लाइन को वार्ड क्षेत्र से हटाकर किसी अन्य सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट कराया जाए, ताकि नागरिकों को भयमुक्त वातावरण मिल सके। वार्ड वासियों ने प्रशासन से मामले में शीघ्र कार्रवाई की अपील की है।

# 12 .5 ग्राम अवैध स्मैक जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार

**नवभारत,नरसिंहपुर।** पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध "OPERATION EAGLE CLAW" जा रहा है। अभियान के तहत जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में नशे विरूद्ध लगातर प्रभावी कार्यवाही करते हुए बड़ी मात्रा में अवैध मादक पदार्थो को जप्त कर सप्लाई में संलिप्त व्यक्तियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है। इसी क्रम में नरसिंहपुर पुलिस द्वारा चलाए जा रहे "OPERATION EAGLE CLAW" के तहत अति. पुलिस अधीक्षक, संदीप भूरिया के मार्गदर्शन में एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) नरसिंहपुर, मनोज गुप्ता के नेतृत्व में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा क्षेत्र में भ्रमण एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान मुशरान वन,



मंदिर के पास एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिया, जो पुलिस टीम को देखकर भागने लगा। संदेह होने पर पुलिस टीम द्वारा तत्काल उसका पीछा कर प्रभावी घेराबंदी करते हुए आरोपी को पकड़ा गया। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से अवैध मादक पदार्थ स्मैक बरामद हुई। थाना कोतवाली पुलिस की कार्यवाही, आरोपी- अनूप जाटव पिता भरत जाटव, उम्र 20 वर्ष, निवासी झिरना, पावर हाउस के सामने नरसिंहपुर। जप्त मादक पदार्थ 12.5 ग्राम अवैध स्मैक (अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत 1.2 लाख अनुमानित) वैधानिक कार्यवाही उक्त आरोपी एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीवद्ध।

# 36वें दीक्षांत समारोह में रोहित नामदेव को मिला पत्रकारिता एवं जनसंचार विषय में स्वर्ण पदक

**नवभारत,करेली।** नगर के लिए गौरव का क्षण तब आया जब नगर पालिका परिषद करेली में कार्यरत एवं महात्मा गांधी महाविद्यालय करेली के पूर्व छात्र रोहित कुमार नामदेव को रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर के 36वें दीक्षांत समारोह में उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धि के लिए जबलपुर पत्रकार संघ स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर का 36वां दीक्षांत समारोह रविवार, 21 जून 2026 को पंडित कुंजीलाल दुबे प्रेक्षागृह में आयोजित हुआ।

समारोह में भारत की महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार




सहित विधायक,संसद भी शामिल हुए। समारोह में विभिन्न विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक एवं उपाधियां प्रदान की गईं। चयनित 20 विद्यार्थियों को महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के करकमलों से स्वर्ण पदक प्रदान किए गए। वहीं अन्य विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा मंत्री श्री इंदर सिंह परमार द्वारा स्वर्ण पदक एवं शोध उपाधियां प्रदान की गईं। इसी अवसर पर पत्रकारिता एवं जनसंचार विषय में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए रोहित कुमार नामदेव को जबलपुर पत्रकार संघ स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने सभी पदक विजेताओं के साथ समूह छायाचित्र भी खिंचवाया। रोहित कुमार नामदेव नगर के प्रतिष्ठित परिवार के श्री राकेश नामदेव के पुत्र हैं। उनकी इस उपलब्धि से पूरे करेली नगर में हर्ष का वातावरण है। उनके पिता राकेश नामदेव, चाचा मुकेश नामदेव एवं भाई राहुल नामदेव पूरे परिवार ने इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे परिवार एवं नगर के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया।

### युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत

रोहित कुमार नामदेव की इस सफलता पर महात्मा गांधी महाविद्यालय करेली के प्राचार्य एवं जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर के कुलगुरु राजकुमार आचार्य एवं तत्कालीन पत्रकारिता विभाग प्रमुख सृजनेश सिलाकारी,समस्त प्राध्यापकों, मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्रीकांत पाटर, नगर पालिका अध्यक्ष सुशीला ममार, नगर पालिका परिषद के समस्त अधिकारी- कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, मित्रों एवं शुभचिंतकों ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। रोहित नामदेव की यह उपलब्धि नगर के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है।